AADHAAR

HINDUSTAN, Delhi, 25.3.2018

Page No. 2, Size:(12.87)cms X (7.74)cms.

आधार डाटा लीक से इनकार किया

नई दिल्ली | एजेंसियां

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने शनिवार को उन मीडिया रिपोर्टों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें आधार डाटा लीक होने का दावा किया था। बता दें तकनीकी समाचार की वेबसाइट 'जेडनेट' ने दावा किया था कि आधार डाटा को 20 मिनट में हासिल किया जा सकता है।

इसपर यूआईडीएआई ने आठ ट्वीट कर अपना पक्ष रखा। प्राधिकरण ने कहा एक कथित सुरक्षा शोधकर्ता की ओर से आधार डाटा की पर्याप्त सुरक्षा नहीं होने का दावा सच नहीं है। इससे संबंधित रिपोर्ट पूरी तरह से आधारहीन, गलत और गैर जिम्मेदाराना है। आधार डाटा पूरी तरह से सुरक्षित है।

स्पष्टीकरण

- तकनीकी न्यूज साइट की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट भ्रामक
- यूआईडीएआई का दावा, डाटा पूरी तरह से सुरक्षित

प्राधिकरण ने कहा, रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनियों द्वारा हासिल ग्राहकों की जानकारी मसलन बैंक खातों की संख्या, ग्राहक संख्या और आधार संख्या की सुरक्षा लचर है और इसे आसानी से हासिल किया जा सकता है, तथ्यों से परे है। अगर इसे सच भी मान लिया जाए, तो यह ग्राहकों की जानकारी रखने वाली कंपनियों के डेटा की सुरक्षा का मामला है, न कि यूआईडीएआई के अधीन संरक्षित डाटा पर।

यूआईडीएआई ने कहा, आधार में संवेदनशील जानकारी होती है। लेकिन आधार संख्या गोपनीय नहीं है। इसलिए किसी तीसरे पक्ष के पास आधार संख्या का होने भर से आधार धारक के साथ वित्तीय धोखाधड़ी नहीं की जा सकती।